जिनमें सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के सदस्य होते हैं। ये समितियां निम्नलिखित विस्तृत मार्ग निर्देशों को ध्यान में रखती हैं :—

(i) कहानी और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता।

(ii) विषय वस्तु का प्रतिपादन।

(iii) तकनीकी कर्मीदल की समग्र सक्षमता, और

(iv) दूरदर्शन की कार्यक्रम संबंधी अपेक्षाओं के प्रति प्रासंगिकता।

दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले विज्ञापन, वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए बनाई गई संहिता के अनुसार स्वीकार किये जाते हैं।

Coverage of Ekta Yatra by electronic media

523 SHRI KRISHAN LAL SHARMA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the electronic media did not cover the Ekta Yatra in all the national news bulletins ;

(b) if so, the reasons therefor ;

(c) whether different policy norms have been laid down for news and visual coverage of the ruling party and the recognised opposition party in the Parliament ; and

(d) if so, the details thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) All India Radio and Doordarshan gave coverage to the newsworthy developments relating to the 'Ekta Yatra' in their national/regional news bulletins.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दूरदर्शन का कार्यक्रम

524. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रसारित किया गया कार्यक्रम निम्न स्तर का और नीरस था ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार आने वाले दिनों में कार्यक्रमों को रोचक बनाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ;

(घ) क्या सरकार ऐसे कार्यक्रमों को गैर-सरकारी प्रायोजकों को सौंपने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) से (च) सरकार का ध्यान नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रसारित कार्यक्रम पर प्रतिकूल प्रतिक्रिया की ओर आकृष्ट किया गया है। दूरदर्शन पर यह जोर दिया है कि ऐसे कार्यक्रमों को तैयार करने में अधिक कल्पनाशीलता बरती जानी चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों को बाहरी निर्माताओं को सौंपने का फिलहाल, कोई प्रस्ताव नहीं हैं।

फीचर फिल्मों को दूरदर्शन पर दिखाए जाने में अनियमितताएं

525. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन द्वारा दिखाई जा रही विभिन्न फीचर